तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 12 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

पेमेंट स्लिप, सामाजिक सुरक्षा और एचपीसी दर पर पेमेंट देने की मांग

2





खबर संक्षेप

बिर्रा में श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन बुधवार 18 नवंबर को शुभारंभ किया जाएगा। सीताराम राधेश्याम का जाप लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। जिसका समापन 25 नवंबर बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

अब 15 तक करा सकते है एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन

जांजगीर-चांपा। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवंबर से होना है। शासन द्वारा किसानों के हित में एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी गई है, ताकि एक भी किसान भाई अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित न रहे। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया की शासन की योजना अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर इस वर्ष धान के बदले अन्य कोई भी फसल का पंजीयन कराने पर किसानों को 15 हजार रूपये प्रति एकड़ एवं सामान्य फसल जैसे - दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल का पंजीयन कराने पर उन्हें 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि शासन द्वारा प्रदाय की जाएगी।

फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से जमा कर सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

जांजगीर-चांपा। पेंशनधारियों के जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल बनाने के उद्देश्य से डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 5.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक आधारित सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से पेंशनधारी बिना किसी परेशानी के अपने मोबाइल फोन अथवा कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 5.0 के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अभियान के क्रियान्वयन हेतु सब-नोडल अधिकारी के रूप में नामांकित किया गया है।

मतदाताओं के नाम जोडने संशोधन विलोपित को लेकर दी गई जानकारी

जांजगीर-चांपा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-34 जांजगीर-चांपा में निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की प्रक्रिया, निर्वाचक नामावली के अद्यतन, नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र एवं मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करने तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन किए जाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री चौधरी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने दलों की ओर से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया।

सहकारी समितियों की जिम्मेदारी बताकर विभागीय अधिकारी झाड़ रहे पल्ला

तीन दिनों बाद शुरू होनी है धान खरीदी प्रभारी तो दूर ऑपरेटरों का भी पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर इस बार जिम्मेदार जिला सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। खरीदी शुरू होने में बमुश्किल तीन दिन ही बचे है। यहीं नहीं कुछ समितियों में आनलाइन टोकन भी कटना शुरू हो गया है, लेकिन खरीदी केन्द्रों में प्रभारी और ऑपरेटरों का अभी तक अता पता नहीं है। खास बात यह है कि जिम्मेदार विभाग इस बार समितियों पर इसकी जिम्मेदार थोपकर अपना पल्ला झाडने में लगा है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेशानुसार 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत होनी है। इसको लेकर जिले के पामगढ़ क्षेत्र के कुछ सेवा सहकारी समितियों में टोकन भी कट गया है लेकिन जिम्मेदार विभाग की स्थिति यह है कि जिले के सेवा सहकारी समिति अंतर्गत बनाए गए धान खरीदी केन्द्र में प्रभारी ओर कम्प्यूटर ऑपरेटरों का पता नहीं है। विभागीय सूत्रों की माने तो अबकी बार जिला सहकारी बैंक प्रबंधन के साथ उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दोनों ही विभाग केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटर की सूची जारी करने में अपना पल्ला झाड़ रहे है। बताया जाता है कि अफसरों ने प्राधिकृत अधिकारी और संस्था प्रबंधक के साथ संचालक मंडल को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी है।



धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर एवं अन्य अफसर।

102 समिति के 134 केन्द्रों मे होगी खरीदी

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने विभिन्न धान उपार्जन एवं संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए शेष तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने तथा धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। जिले में कुल 102 समितियों के अंतर्गत 134 धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी की जाएगी। कलेक्टर ने अकलतरा स्थित संग्रहण केंद्र में फड़ निर्माण, समतलीकरण, पानी की निकासी एवं ड्रेनेज, धर्मकांटा तथा भंडारित धान के उचित रखरखाव का जायजा लिया। उन्होंने संग्रहण केंद्र में धान के सुरक्षित भंडारण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तिलई, अकलतरा, भिलौनी एवं मेऊ धान उपार्जन केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रभारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, प्राधिकृत अधिकारियों एवं किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में ड्रेनेज, पर्याप्त बारदानों, इंटरनेट कनेक्टिविटी, कंप्यूटर, तिरपाल एवं हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साफ-सफाई, फेंसिंग, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक उपकरण, पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को टोकन जारी करने में किसी प्रकार की बाधा या अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी की प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित की जाए। उन्होंने अवैध धान की आवक रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट स्थापित करने तथा कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

समितियों को निर्देश

समिति संचालक मंडल खरीदी केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटर के नाम तय करेंगे जहां एफआईआर दर्ज हुआ है वहां के प्रभारी व ऑपरेटर बदले जाएंगे। समितियों को नाम तय करके शीघ्र सूची भेजने कहा गया है। गुरूवार को फाईनल सूची तैयार हो जाएगी।

-श्रीमती मंजू पाण्डेय,
उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं

हमारा रोल नहीं

पहले बैंक से केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटरों के नामों की सूची जारी होती थी। इस बार समितियों से नाम तय करके उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं को भेजा जा रहा है। वहीं से फाईनल सूची जारी होगी। हमारा इसमें कोई रोल नहीं है।

-रेवती रमण कश्यप,
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर चांपा

टेंडर दिलाने के नाम पर ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टेंडर दिलाने के नाम पर ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। इसे लेकर सक्ती पुलिस ने रायपुर के होटल कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत के अनुसार साल 2022 में रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन ने शासन-प्रशासन में अपने अच्छे संबंध और प्रभावशाली लोगों से संपर्क होने का हवाला देकर कोयला ट्रांसपोर्टिंग का बड़ा टेंडर दिलाने के नाम पर प्रार्थी किशन शर्मा से करीब 15 लाख रुपए ले लिए। गारंटी के तौर पर 4 लाख रुपए का एचडीएफसी बैंक का चेक भी दिया गया। काम नहीं मिलने पर जब किशन ने पैसे की मांग की, तो टालमटोल किया गया। बाद में जब चेक बैंक में लगाया गया, तो पता चला कि वह खाता पहले से ही बंद हो चुका है।इस मामले में शक्ति थाना में बीएनएस की धारा 318, 378, 318(4) धोखाधड़ी के तहत दीपक टंडन के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की विवेचना कर रही है। बताया जा रहा है कि ठग के खिलाफ अब तक कुल 5 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। सक्ती के वार्ड नंबर 6 गुरुद्वारा वार्ड निवासी किशन शर्मा ट्रांसपोर्टिंग और कोयला व्यवसायी का काम करता है। ठगी के संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में बताया गया कि मार्च 2022 में दीपक उर्फ अंबेडकर टंडन ने उससे संपर्क कर कोयले का बड़ा सरकारी टेंडर दिलाने का भरोसा दिलाया था। आरोपी ने उच्च अधिकारियों से अपनी पहचान और पहुंच होने का हवाला देते हुए टेंडर दिलाने का आश्वासन दिया। उसके झांसे में आकर किशन शर्मा ने चेक के माध्यम से कुल 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। दीपक टंडन ने गारंटी के तौर पर एचडीएफसी बैंक का 4 लाख रुपये का चेक और एक ब्लैंक चेक दिया था। बाद में बैंक से चेक और खाते के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि खाता कई साल पहले ही बंद हो चुका था। इसके बाद पुलिस से शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया।

- रायपुर के होटल कारोबारी के खिलाफ अपराध दर्ज

इस संबंध में एएसपी पंकज पटेल का कहना है कि टेंडर दिलाने के नाम पर ट्रांसपोर्टर से 15 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

कलेक्टर ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



सक्ती। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती जयश्री जैन ने बुधवार 11 नवंबर को जिले के बड़े सीपत, नगझर, चारपारा एवं कुरदा धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित चेकलिस्ट के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, जनरेटर एवं इंटरनेट कनेक्शन की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, बायोमेट्रिक डिवाइस एवं आद्रतामापी यंत्र की उपलब्धता और उनके कैलिब्रेशन की स्थिति की भी जांच की। इसके साथ ही नए पीडीएस एवं पुराने बारदानों की उपलब्धता, बारदानों की सिलाई व्यवस्था, तिरपाल, रंग एवं सुतली तथा धान की गुणवत्ता जांच के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में आवश्यक्ताओ के अनुरूप कर्मचारियों एवं हमालों की उपलब्धता, फड़ में धान भंडारण के लिए पर्याप्त जगह, चबूतरों की स्थिति, किसानों के लिए पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक उपचार पेटी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समर्थन मूल्य के प्रदर्शन, निगरानी समिति की नियुक्ति तथा सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित धान खरीदी कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क, स्कूल व आंगनवाड़ी भवन के 1398 निर्माण कार्य स्वीकृत, 237 की नींव तक नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में सड़क, स्कूल, आंगनवाड़ी भवन निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए 1398 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 428 निर्माण कार्य आधा अधूरा है, जबकि 237 से अधिक निर्माण कार्यों की नींव तक नहीं रखी जा सकी है। इसे लेकर उच्च अधिकारी भी नाराजगी जाता चुके हैं।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन सड़क स्कूल समेत अन्य निर्माण कार्यों के 1398 निर्माण कार्य का काम वित्तीय वर्ष के तहत स्वीकृत किया गया है। इनमें से 428 निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जबकि 237 कार्यों की शुरुआत तक नहीं हो सकी है। एक तरफ शासन के द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का विकास के साथ-साथ जिले में रहने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसे लेकर सड़क स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र के साथ अन्य विकास कार्यों पर बल दिया जाता है, ताकि शहर एवं ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोगों को सड़क स्कूल एवं अन्य जरूरत के संसाधन के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

लेंगे जानकारी

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क स्कूल एवं आंगनवाड़ी भवन निर्माण समिति अन्य कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाना रहता है। किसी कारणवश कार्य में लेट लेती थी हो रही हो तो इस मामले में जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

-वीरेंद्र लकड़ा,
अपर कलेक्टर, जांजगीर चांपा

एसआईइस इंडिया लिमिटेड द्वारा जनपद स्तर पर लगाया जाएगा प्लेसमेंट कैंप

जांजगीर-चांपा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एस.आई.एस. इंडिया लिमिटेड द्वारा विभिन्न जिले के जनपदों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।इसके अंतर्गत सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी, एसआईटी एवं एस.एल.वी. पदों पर योग्यतानुसार भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 16 नवंबर को जनपद पंचायत डभरा, 17 नवंबर को शासकीय आईटीआई डभरा, 18 नवंबर को जनपद पंचायत मालखरौदा, 19 नवंबर को शासकीय आईटीआई मालखरौदा, 20 नवंबर को जनपद पंचायत सक्ती, 23 नवंबर को जनपद पंचायत जैजैपुर तथा 24 नवंबर को शासकीय आईटीआई जैजैपुर में किया जाएगा। कैंप का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

फोटोकॉपी दुकान में हुई चोरी का 48 घंटे में खुलासा, आदतन चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के नेहा फोटोकॉपी दुकान में हुई नकबजनी की घटना का अकलतरा पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल, सिक्कों सहित नकदी रकम तथा वारदात में प्रयुक्त स्टील का चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- चोरी का मोबाइल, नकदी और वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद



जब्त रुपयों के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी भोलामणी चक्रधारी निवासी अधियारीपाठ, अकलतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 नवंबर की रात वह वार्ड नंबर 11 यादव भवन के पास स्थित अपनी फोटोकॉपी दुकान बंद कर घर चला गया था। अज्ञात चोर दुकान के गल्ले से लगभग 30 हजार रुपये नकद एवं रेडमी नोट 9 प्रो मोबाइल चोरी कर ले गया था। चोर ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर संदेही की पहचान हुई। इसके बाद यादव मोहल्ला स्थित उसके निवास पर दबिश देकर प्रभात उर्फ भोलू यादव (22 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दुकान में पीछे के रास्ते से प्रवेश कर चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग के सिक्कों सहित 3 हजार 403 रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त स्टील का सब्जी काटने वाला चाकू बरामद किया।

पुलिस ने आरोपी प्रभात यादव उर्फ भोलू, पिता सीताराम यादव, निवासी यादव मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 11, अकलतरा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत कार्रवाई करते हुए 11 नवंबर को गिरफ्तार किया और न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया।

प्लेटफार्म 2 व 3 की डिसप्ले बोर्ड खराब, कोच की नहीं मिल रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 एवं 3 का डिसप्ले बोर्ड खराब हो गया है। जिसके चलते कोच की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। खासकर इन दिनों त्यौहारी सीजन चल रहा है। जिसके चलते रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है।

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोच डिस्प्ले लगाए जाते हैं, ताकि ट्रेन आने से पहले यात्री अपने निर्धारित कोच की स्थिति और प्लेटफॉर्म पर उसकी जगह की जानकारी प्राप्त कर सकें। लेकिन जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर लगे कोच डिस्प्ले की खराब स्थिति यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। डिस्प्ले चालू होने के बावजूद उस पर दिखाई देने वाली जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं पड़ रही है।

बढ़ी ठंड, निकलने लगे गर्म कपड़े

जांजगीर-चांपा। नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड ने अचानक रफ्तार पकड़ ली है। सुबह-शाम चल रही ठंडी हवा और गिरते तापमान ने लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है। सुबह व शाम के समय सड़कों पर अब स्वेटर, जैकेट और शॉल में लोग नजर आ रहे हैं।

बोर्ड, फ्लैक्स और बैनर हटाने दुकानदारों को दिए निर्देश

बीटीआई चौक से कलेक्ट्रेट तिराहा सड़क का संयुक्त टीम ने किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए जांजगीर के बीटीआई चौक से कलेक्ट्रेट तिराहा तक पुलिस, पालिका और पीडब्लूडी की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे किया गया। साथ ही साथ सीमा क्षेत्र से अपने बोर्ड, फ्लेक्स और बैनर हटाने निर्देशित किए।

गौरतलब है कि बुधवार 11 नवंबर को कोतवाली जांजगीर क्षेत्रांतर्गत बीटीआई चौक से कलेक्ट्रेट तिराहा तक निर्माणाधीन डिवाइडर के दोनों ओर 12-12 मीटर की चौड़ाई का नाप एवं सीमांकन करते हुए मार्किंग किया गया। रोड किनारे लगे दुकानदारों को विशेष समझाइश दी गई। इस दौरान निर्धारित सड़क सीमा के भीतर दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों को समझाइश देते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने तथा निर्धारित सीमा के बाहर दुकान का सामान नहीं रखने की हिदायत दी गई। सड़क के दोनों ओर कुछ शासकीय पार्किंग स्थानों का चिन्हांकन किया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य स्थानों का शासकीय रिकॉर्ड देखकर उन्हें पार्किंग स्थानों के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में कार्यवाही करने की योजना बनाई गई। सड़क के दोनों ओर विद्युत खंभे लगे होने की वजह से कुछ स्थानों पर मार्ग संकीर्ण हो गया है एवं उनका उपयोग पार्किंग के लिए किया जा रहा है। ऐसे स्थलों को चिन्हांकित करते हुए विद्युत विभाग से सामंजस्य बनाकर अग्रिम कार्यवाही करने पर विचार किया गया। निर्धारित स्थानो पर पार्किंग न करते हुए यातायात व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों के समन्वय से शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली असुविधा दूर करने की दिशा में यह पहल की गई। सड़क के दोनों ओर लगे विद्युत खंभों के कारण कुछ स्थानों पर मार्ग संकीर्ण हो गया है। इन स्थानों का उपयोग पार्किंग के लिए भी किया जा रहा है। ऐसे स्थलों को चिन्हांकित कर विद्युत विभाग के साथ समन्वय बनाकर खंभों की शिफ्टिंग सहित आवश्यक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।



दुकानदारों को समझाईश देने निकले अफसर।

ऑपरेशन बाज चलाकर एक माह में की 141 स्थायी वारंटियों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के निर्देशानुसार रेंज के जिलों में लंबित स्थायी वारंटों की तामीली के लिए एक माह का विशेष अभियान ऑपरेशन बाज चलाया गया। यह अभियान 7 अक्टूबर से 7 नवंबर तक चला।

इसी कड़ी में पुलिस ने प्रभावी कार्ययोजना बनाकर जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबित स्थायी वारंटों की तामीली हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। एसपी विजय पाण्डेय ने थाना चौकी प्रभारियों को सख्त संदेश दिया था कि प्रभावी कार्ययोजना बनाकर लंबित स्थायी वारंटों की तामीली को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। इसके तहत पुलिस टीमों द्वारा तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से वारंटियों की जानकारी जुटाकर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के दौरान सबसे ज्यादा थाना चांपा क्षेत्र में 33, बलौदा में 23 एवं शिवरीनारायण पुलिस द्वारा 21 वारंटियों को पकड़ने में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए जिले में कुल 141 स्थायी वारंटियों को पकड़कर उनके विरुद्ध जारी वारंटों की तामीली की।जांजगीर-चांपा पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से लंबे समय से लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

खबर संक्षेप

बकाया कर वसूली के लिए मैदान में उतरे नगर पालिका अधिकारी

कोरबा। नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा संपत्ति कर एवं समेकित कर की शत-प्रतिशत वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। बड़े बकाएदारों से वसूली सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ अमले के साथ मैदान में उतरे। नगर पालिका की इस सख्त कार्रवाई के दौरान मौके पर ही लगभग 1 लाख 70 हजार रुपये के बकाया कर की वसूली की गई। अभियान के दौरान सीएमओ ने राजस्व टीम के साथ नगर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और रिहायशी इलाकों का सघन भ्रमण किया। बड़े बकाएदारों के दुकानों और घरों में पहुंचकर अधिकारियों ने उन्हें लंबे समय से लंबित संपत्ति कर व अन्य स्थानीय कर जल्द से जल्द पालिका कोष में जमा कराने की समझाइश दी। साथ ही चेतावनी दी गई कि समय पर कर जमा न करने की स्थिति में नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस वसूली में मुद्रिका प्रसाद तिवारी राजस्व अधिकारी फराज खान सहित नगर पालिका का समस्त राजस्व अमला शामिल रहा। टीम ने वार्डवार भ्रमण कर कई बकाएदारों से तत्काल राशि जमा कराई, जिससे कुल 1 लाख 70 हजार की राजस्व वसूली दर्ज की गई।

पोड़ी में लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष

कोरबा। ग्राम पंचायत पोड़ी में आयोजित लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सभापति माया रूपेश कंवर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत पोड़ी में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देना उनका निरंतर प्रयास है। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

एसईसीएल अस्पताल में घुसा धमना सांप, रेस्क्यू

कोरबा। बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी स्थित एसईसीएल अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल के अंदर लगभग 6 फीट लंबा धमना सांप दिखाई दिया, अचानक सांप को देखकर अस्पताल के कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, इसकी सूचना तत्काल आशीष सिंह के माध्यम से वन्यजीव रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपनी टीम के सदस्य बॉबी श्रीवास एवं संदीप मानिकपुरी को मौके पर भेजा, टीम ने सूझबूझ और सावधानी के साथ लगभग 6 फीट लंबे धमना सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया,इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वहीं, इसी दौरान बलगी क्षेत्र में आशीष सिंह के घर में भी सांप घुसने की सूचना मिली टीम ने वहां पहुंचकर लगभग 5 फीट लंबे एक अन्य धमना सांप का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे भी प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया।

धनवारपारा में मंच निर्माण के लिए विधायक ने दी 3 लाख की सौगात

हरदीबाजार। दीपावली के अवसर पर ग्राम नेवसा के धनवारपारा में आदिवासी परिवारों द्वारा भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मोहल्लेवासियों के साथ आत्मीयता से समय बिताया और भोज कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान धनवारपारा निवासी राजू धनवार के घर पर आयोजित भोज में विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक मंच निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी। मोहल्लेवासियों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल ने धनवार पारा में मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

कृष्णकुंज के पौधों में लग रही दीमक, देखरेख का अभाव, पौधे लगे सूखने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

9 सौ पौधों का कृष्ण कुंज बर्बाद, जिम झूले भी कबाड़



कटघोरा वनमंडल के पाली वन परिक्षेत्र द्वारा नगर पंचायत पाली अंतर्गत चैतुरगढ़ मुख्यमार्ग पर नवीन कॉलेज के बगल में बड़े दावों के साथ बनाए गए कृष्ण कुंज की हालत अब देखी नहीं जा रही। कभी जहां आंवला, कटहल, गंगा इमली, जामुन, बेल, सफेद पलास, लीची, आम, चंदन के 10 से 15 फीट के लहलहाते पेड़ हरियाली बिखेरते थे, वहीं अब सूखे ठूंठ और दीमक लगे तने ही बचे हैं।

जानकारी के अनुसार कृष्ण कुंज के लिए योजना वर्ष 2022 से आज तक, रकबा 0.810 हेक्टेयर, रोपित पौधा संख्या 900, जिसके स्वीकृत राशि 31.94 लाख रुपये थी। जिसमें आंवला 46, आम 28, कटहल 16, नीम 27, अमरूद 51, गंगा इमली 16, जामुन 26, लीची 19 सहित दर्जनों प्रजातियां, लेकिन आज मौके की तस्वीरें इस पूरे हिसाब-किताब की पोल खोल रही हैं। ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि दो माह पूर्व वन विभाग ने कृष्ण कुंज की देखरेख के लिए कार्यरत कर्मी को यह कहकर कार्यमुक्त कर दिया कि अब पौधे बड़े हो गए हैं, उन्हें देखरेख की जरूरत नहीं, विभाग के पास मानदेय के लिए कोई फंड नहीं है।

उसके बाद से ही कृष्ण कुंज अनाथ हो गया। दो माह से पानी नहीं मिलने से मुरुमी जमीन पर लगे पौधों की जड़ों में दीमक लग गई। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि पेड़ों के तने दीमक की मिट्टी से पूरी तरह ढक गए हैं और दर्जनों पेड़ पूरी तरह सूखकर कंकाल बन चुके हैं। शेष बचे पेड़ों को भी दीमक धीरे-धीरे नष्ट कर रही है। कभी इस कृष्ण कुंज की हरियाली का आनंद लेने के लिए सुबह टहलने वाले स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीण यहां जुटते थे। सुबह-शाम लोगों की आवाजाही को देखते हुए नगर पंचायत ने भी लाखों रुपये खर्च कर इसके भीतर झूले, बच्चों के खेलने के उपकरण और जिम की सामग्री स्थापित कराई थी। आज उसी कृष्ण कुंज में झूले और जिम के सामान जंग खाकर टूटे पड़े हैं, चारों तरफ झाड़ियां और सूखी घास उग आई है। बच्चों के खेलने की जगह वीरान पड़ी है।

दीपका थाना क्षेत्र के तिवरता के समीप हुआ हादसा

ट्रेलर से टकराई बाइक, युवक की मौत, दो गंभीर, ग्रामीणों ने किया घंटों चक्काजाम



अस्पताल में पड़ी युवक की मृत देह।



मृतक का शव।

ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

तानाखार से आगे भालूमोड़ के पास ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, युवक पोड़ी उपरोड़ा से बाइक पर सवार होकर कटघोरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान भालूमोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही कटघोरा और बांगो पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस युवक की शिनाख्त करने के साथ ही फरार ट्रेलर और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिवरता मार्ग पर सोमवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खड़े ट्रेलर से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दीपका-पाली मुख्य मार्ग पर देर रात तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तिवरता निवासी सुनील कुमार 34 वर्ष पिता महेंद्र सिंह अपने दो साथी आकाश मरकाम 19 वर्ष पिता फूल सिंह मरकाम व मोहन मरकाम के साथ सोमवार शाम दीपका किसी काम से आए हुए थे। शाम लगभग 7 बजे काम निपटाकर दोनों अपनी मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तिवरता मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर से उनकी तेज रफ्तार बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सुनील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश मरकाम और मोहन मरकाम बुरी तरह घायल हो गये। राहगिरों की मदद से घायल आकाश को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया है, जहाँ उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं मोहन को स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे की खबर मिलते ही ग्राम तिवरता और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। एसईसीएल प्रबंधन की लापरवाही और सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन व सड़क पर लाईटिंग व्यवस्था ना करने, सड़क पर पानी का छिड़काव ना कराने व सड़क में बने गड्ढों को समतलीकरण ना करवाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने दीपका-पाली मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस व जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे और हंगामा रात लगभग 12:30 बजे तक चलता रहा। आखिरकार एसईसीएल अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की मांगों पर लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया और यातायात बहाल हो सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पड़ोसी बालक को नहीं दिलाया पटाखा शराब तो टंगिया मार कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खास बातें

- आरोपी नाबालिग को भेजा गया बाल संप्रेक्षण गृह
- बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कटमोरगा की घटना

बांगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटमोरगा मड़ई गांव में एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पटाखे दिलाने और शराब से जुड़ी बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक नाबालिग ने आवेश में आकर ग्रामीण पर टंगिया से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 8 नवंबर की है। कटमोरगा मड़ई गांव में ग्रामीण बुधराम मिंझवार और उसके पड़ोसी नाबालिक बालक के बीच पटाखे दिलाने और शराब को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बालक ने अपना आपा खो दिया और पास में रखे टंगिया से बुधराम पर जानलेवा हमला कर दिया। टंगिया के गंभीर वार से बुधराम मिंझवार लहूलुहान होकर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही बांगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी बालक को अभिरक्षा में लिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी कर नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। मामले में नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

बेटे की मौत के सदमे में महिला ने लगाई फांसी

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका की पहचान गीता तंवर के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले बेटे की मौत के बाद से महिला गहरे सदमे में थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज की मजबूत नींव : झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र के अंतर्गत गजरा स्थित सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा उपस्थित रहीं। उन्होंने अपनी ओर से क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उपहार भेंट कर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके समर्पण, सेवा भावना और उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कार्यों की सराहना करना तथा उनका उत्साहवर्धन करना रहा। ये महिलाएं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करती हैं। समाज के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा भावना वास्तव में सराहनीय है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के साथ विकास झा (पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजयुमो छत्तीसगढ़), पार्षद एवं पीआईसी सदस्य अश्वनी मिश्रा, प्रमोद सोना तथा भाजपा मंडल मंत्री कविता यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे केवल अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन ही नहीं करतीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को संवारने और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

सीतामणी क्षेत्र में कटर से युवक पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घटनास्थल में लगी लोगों की भीड़।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत के सीतामढ़ी इलाके में चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। श्री बालाजी स्पोर्ट्सवेयर के संचालक रमेश साहू और उनके छोटे भाई रोशन साहू पर चाकूनुमा पेपर कटर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, सीतामढ़ी स्थित श्री बालाजी स्पोर्ट्सवेयर के संचालक रमेश साहू और उनके छोटे भाई रोशन साहू अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले दुकान के सामने रखी गिट्टी को लेकर संतोष प्रजापति के साथ उनका विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते सोमवार की सुबह आरोपी संतोष प्रजापति ने कथित तौर पर दुकान पहुंचकर दोनों भाइयों पर चाकू नुमा पेपर कटर से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में रमेश साहू और रोशन साहू घायल हो गए। हमला में रमेश साहू के गाल पर गंभीर चोट आया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

परसाखोला में दो गुटों में मारपीट, मामला दर्ज



बालको थाना क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट परसाखोला में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक एक-दूसरे पर हाथ-मुक्कों के साथ बर्तनों से भी हमला करते नजर आ रहे हैं। मामला बालको थाना क्षेत्र के परसाखोला पिकनिक स्पॉट का बताया जा रहा है। यहां घूमने पहुंचे दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के युवक आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान कुछ युवक बर्तनों से भी एक-दूसरे को मारते पीटते रहे। फिलहाल मामले में पुलिस के पास कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नेशनल हाइवे से कैमरे बैटरी की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



नेशनल हाईवे में लगे कैमरे की बैटरी चोरी की घटना सामने आयी है। जानकारी के अनुसार कटघोरा से पाली के बीच नेशनल हाईवे में कंपनी द्वारा सुरक्षा के दृष्टि एवं घटना दुर्घटना की तत्काल जानकारी हेतु कैमरा लगाया गया है जिसका संचालन टोल नाका से होता है टोल नाका में कंप्यूटर रूम में बैठे संचालन करता द्वारा रोड में होने वाले सड़क दुर्घटना की जानकारी तत्काल दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सहायता प्रदान करने तत्काल अस्पताल पहुंच कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी किंतु कटघोरा पाली के बीच 15 पोल में लगे कैमरे की बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई और कंप्यूटर रूम टोल नाका में बैठे व्यक्ति को इसकी जानकारी तक नहीं हुई जबकि बैटरी निकलते ही कैमरा बंद हो गया, होगा और वहां का फुटेज आना बंद हो गया होगा। बहरहाल घटना की रिपोर्ट संबंधित लोगों द्वारा थाना में दर्ज कर दी गई है।

किसान सभा के नेतृत्व में सैकड़ों ठेका मजदूरों ने 7 घंटे रानी अटारी खदान रखी बंद

पेमेंट स्लिप, सामाजिक सुरक्षा और एचपीसी दर पर पेमेंट देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत रानी अटारी और विजय वेस्ट भूमिगत खदान में कार्यरत ठेका मजदूरों को पेमेंट स्लीप, आई कार्ड, सेफ्टी समान, एचपीसी दर नहीं मिलने से अक्रोशित सैकड़ों ठेका मजदूरों ने सुबह 6 बजे से ही किसान सभा के नेतृत्व में खदान बंद करते हुए कोल परिवहन को रोक कर आंदोलन किया जिससे 7 घंटे तक खदान पूर्ण रूप से बंद रहा जिससे उत्पादन पूर्ण रूप से ठप्प रहा। 7 घंटे खदान बंद के बाद एसईसीएल चिरमीरी क्षेत्र के महाप्रबंधक ने ठेका मजदूरों को मिलने वाले अधिकारों को देने का लिखित आश्वासन दिया, उसके बाद हड़ताल समाप्त हुआ। ठेका श्रमिकों की मांगों को सही ठहराते हुए सीटू के प्रदेश अध्यक्ष वी एम मनोहर ने समर्थन किया और प्रबंधन से ठेका श्रमिकों की मांगों को पूरा करने के लिए कहा।

छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत झा ने कहा कि कोयला खदानों में ठेका मजदूरों को कम मजदूरी देकर उनका शोषण किया जा रहा है। इसे छुपाने के लिए उन्हें पेमेंट स्लीप नहीं दिया जाता। इससे मजदूर अपनी सही मजदूरी और कितने दिनों का वेतन दिया जा रहा है, इस जानकारी से वंचित रहते है। मजदूरों ने कोयला प्रबंधन से कई बार इसकी शिकायत की, जिसका आज तक प्रबंधन ने संज्ञान नहीं लिया है। साथ ही इससे साबित होता है कि प्रबंधन और ठेका कंपनी में खुली मिलीभगत है। सीटू नेता वी एम मनोहर ने प्रबंधन से कहा कि ठेका श्रमिकों को आई कार्ड,पेमेंट स्लीप, पीएफ की जानकारी,और सेफ्टी समान मिलना उनका अधिकार है ठेकेदार या एसईसीएल प्रबंधन ठेका श्रमिकों को उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकता है उन्हें उनका अधिकार देना होगा नहीं तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा साथ ही एसईसीएल कंपनी स्तर पर सभी क्षेत्रों में भी सभी ठेका श्रमिकों के अधिकार को सुनश्चित करने की मांग की जाएगी। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू और दामोदर श्याम ने कहा कि ठेका श्रमिकों का शोषण पूरे एसईसीएल में हो रहा है ठेका श्रमिकों के उपर हो रहे शोषण के खिलाफ जिले के अंतिम झोर रानी अटारी खदान से आंदोलन की शुरुवात की गई है अब पूरे जिले में ठेका श्रमिकों के उपर हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। हड़ताल में किसान सभा के दामोदर श्याम, दीपक साहू, मोहम्मद हुसैन अली,बृजलाल, रामेश्वर, रामदेव, बाबूलाल, देव प्रताप, सुरजन, लक्ष्मण, बुद्धि, उजागर, कन्हैया सहित बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

*** कोरबा।** जनजातीय संस्कृति, परंपरा एवं लोक कलाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरकछार में आयोजित जनजाति लोक नृत्य महोत्सव एवं शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती माया रूपेश कंवर शामिल हुए।







सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।



लाइफ Style

अनीत

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।

हॉलीवुड मसाला

जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का

स्क्रीन टेस्ट



नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस होल्ट), जैक लोडेन, जोश ऑ कॉर्नर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी।



सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

मुंबई। सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने हालिया पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे।. स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।



भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।

1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

नई दिल्ली। सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान पिछली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने पगड़ी से कम्प्लीट किया, लेकिन सबकी नजरें पगड़ी पर लगे कलगी पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक रिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग चुना और पुनीत बलाना का बेज कलर का कफ्तान पहना, जिस पर चांदी के धागों से बेहद खूबसूरत जाल नुमा कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पगड़ी पहनी थी, जिस पर चमचमाती कलगी लगी थी। 'इंडस्ट्री सब्या' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलगी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर सैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अभिनेता ने ये कलगी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को गोल्ड चोकर, पन्ने वाले पेंडेंड नेकलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।



मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।

पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।



इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

जेलर 2 : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-दूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

11 JANJ-NOV PG-04_Layout 1 11-11-2026 22:18 Page 1

खबर संक्षेप

हसौद में जल्द शुरू होगी एसबीआई की नई शाखा जैजैपुर जाने की परेशानी से मिलेगी मुक्ति

हसौद। क्षेत्र के लोगों के लिए अच्छी खबर है। हसौद में जल्द ही भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई की नई शाखा शुरू होने वाली है। इसके लिए बैंक प्रबंधन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। लंबे समय से क्षेत्रवासी हसौद में एसबीआई की शाखा खोलने की मांग कर रहे थे जो अब पूरी होती नजर आ रही है। इस खबर से क्षेत्र के किसानों व्यापारियों और आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। दरअसल वर्तमान में हसौद क्षेत्र के लोगों को एसबीआई से संबंधित बैंकिंग लेनदेन के लिए जैजैपुर स्थित शाखा जाना पड़ता है। हसौद से जैजैपुर की दूरी अधिक होने के कारण लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए काफी समय और धन खर्च करना पड़ता है। खासकर किसानों, व्यापारियों और बुजुर्गों को बैंक संबंधी छोटे-बड़े कार्यों के लिए बार-बार जैजैपुर जाना असुविधाजनक साबित होता है। कई बार बैंकिंग कार्यों के चलते लोगों का पूरा दिन भी प्रभावित होता है। इसी परेशानी को देखते हुए क्षेत्र में लंबे समय से एसबीआई शाखा खोलने की मांग उठती रही है। अब भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-2 कोरबा द्वारा हसौद में नई शाखा शुरू करने की दिशा में पहल की गई है। बैंक प्रबंधन ने शाखा संचालन के लिए उपयुक्त व्यावसायिक परिसर की व्यवस्था हेतु विज्ञापन जारी किया है। इसके तहत लगभग 2500 से 3000 वर्गफीट के भवन की तलाश की जा रही है। इच्छुक भवन मालिकों से 16 नवंबर तक निविदा आमंत्रित की गई है। हसौद में एसबीआई की शाखा शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग लेनदेन, जमा-निकासी सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं के लिए जैजैपुर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इससे किसानों को कृषि संबंधी लेनदेन, व्यापारियों को व्यावसायिक बैंकिंग कार्यों और आम नागरिकों को दैनिक बैंकिंग सेवाओं में काफी सहूलियत मिलेगी। साथ ही लोगों के समय और आने-जाने में होने वाले खर्च की बचत होगी। वर्षों पुरानी इस मांग पर पहल शुरू होने से क्षेत्रवासियों को अब नई शाखा के संचालन का इंतजार है।

यदुवंशियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गोवर्धन पूजा



खरौद। छत्तीसगढ़ रतनपुरिया कनौजिया यादव समाज ग्राम सभा खरौद में गुरुदेव यादव के नेतृत्व में तिवारीपारा में गोवर्धन पूजा विधि विधान एवं श्रद्धा पूर्वक उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य यजमान कोमल यादव सपत्नीक को आचार्य राम नारायण मिश्रा ने गोवर्धन महाराज की विधिवत पूजा कराई। शिक्षक हेमलाल यादव ने गोवर्धन पूजा के पौराणिक इतिहास को रेखांकित करते हुए प्रत्येक हिंदू को गाय रखने एवं उनकी सही देखभाल करने की आवश्यकता बताई। शिवरात्रि यादव ने कहा कि भगवान की पूजा तभी सार्थक होगी जब श्री कृष्ण जी के बताए मार्ग पर चलें। रोड में मरने वाले गो वंशों की हत्या का पाप उसके पालक को लगेगा और भविष्य में इसके भयंकर दुष्परिणाम का फल पूरी मानव जाति को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने पूरे यादव जाति का आवाहन करते हुए अपने वंश एवं गौरवशाली परंपरा के अनुसार अपनी स्वाभिमान की रक्षा करते हुए अपने आप को पहचाने के लिए कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव ने गौवंशों की दुर्दशा की ओर सब का ध्यान आकृष्ट किया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष महेश्वर यादव ने भी इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त किया। रवि शंकर यादव ने भजन गाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वेदराम यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नगर के स्वजातीय यादव बंधु, गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वैष्णव कल्याण समिति युवा प्रकोष्ठ के विजय तो रुक्मणी बनी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष

जांजगीर-चांपा। समाज की संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक उत्थान को नई गति देने के उद्देश्य से नवचेतना श्री वैष्णव कल्याण समिति ने युवा एवं महिला प्रकोष्ठ में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। विजय कुमार वैष्णव को युवा प्रकोष्ठ तथा रुक्मिणी वैष्णव को महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। दोनों नियुक्तियों से समाजजनों में हर्ष का माहौल है। नवचेतना श्री वैष्णव कल्याण समिति जिला जांजगीर-चांपा में संगठनात्मक विस्तार एवं समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। समिति के संरक्षक के.डी. वैष्णव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष श्रवणदास वैष्णव की अनुशंसा पर जांजगीर निवासी विजय कुमार वैष्णव को सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं, नगरपालिका अकलतरा की पार्षद श्रीमती रुक्मिणी वैष्णव को महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर नवचेतना श्री वैष्णव कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं समाज के सम्माननीय सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने विश्वास जताया कि दोनों पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर समाज के लोगों ने समाजहित में तन-मन से समर्पित होकर कार्य करने तथा सामाजिक एकता, सहयोग और विकास के संकल्प को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

13 नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होगा पर्व, 15 को अस्ताचलगामी और 16 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रती

लोक आस्था के महापर्व छठ का आगाज कल से, चार दिन तक होगी सूर्यदेव की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पर्व को लेकर छठ घाट में जेसीबी के माध्यम से कचरों को हटाते हुए की गई साफ सफाई एवं जायजा लेने पहुंचे पुलिस अफसर।

कार्तिक महीने में मनाए जाने वाले लोक आस्था का महा पर्व छठ पूजा शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। इस त्योहार में भगवान सूर्य की आराधना की जाती है। पर्व को लेकर छठ पूजा आयोजन समिति द्वारा केराझरिया लछनपुर स्थित छठ घाट में आवश्यक तैयारी पूरी की जा रही है। घाट की साफ-सफाई से लेकर सजावट तक की व्यवस्था में समाज के लोग जुटे हुए हैं।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा जिले में बड़ी संख्या में निवासरत बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों द्वारा मनाया जाता है। सूर्य को समर्पित छठ पूजा का त्योहार बेहद स्वच्छता, नियम और विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। ये पूजा पुरुष और स्त्री दोनों समान रूप से करते हैं। इधर चार दिनों की छठ पूजा का त्योहार दीपावली के बाद शुरु होता है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होती है और सप्तमी को अरुण वेला में इस व्रत का समापन होता है। कार्तिक शुक्ल चतुर्थी शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ इस व्रत की शुरुआत होगी। इस दिन व्रती पवित्र स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करेंगे। दूसरे दिन शनिवार 14 नवंबर को खरना पूजा होगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को पूजा-अर्चना करेंगे और पारंपरिक प्रसाद ग्रहण करेंगे। तीसरे दिन रविवार 15 नवंबर को व्रतियों द्वारा उपवास रखकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। चौथे दिन सोमवार 16 नवंबर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। इधर पर्व को लेकर केराझरिया लछनपुर में छठ घाट में तैयारी की जा रही है। पर्व को लेकर छठ घाट में जेसीबी के माध्यम से कचरों को हटाते हुए साफ सफाई की गई। इसके बाद रंग-रोगन के साथ आकर्षक लाइट से सजाया जाएगा। इस कार्य में भोजपुरी समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष सुशील सिंह सहित समाज के अन्य लोग जुटे हुए है। सत्येन्द्र सिंह के साथ समाज के अन्य पदाधिकारी सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमलादेवी पाटले, भाजपा के वरिष्ठ नेता लीलाधर सुल्तानिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मिलकर लोक आस्था के इस महापर्व में शामिल होने का निमंत्रण दिया। चार दिवसीय छठ पूजा के अंतिम दिवस छठ घाट में विशेष रुप से अघोर आश्रम पोड़ीदल्हा के कपालिक बाबा का आगमन होगा। कपालिक बाबा अपने हाथों से उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करेंगे। छठ महापर्व को लेकर घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेने पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समिति एवं समाज के लोगों से चर्चा कर तैयारियों की जानकारी ली और पर्व के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। छठ पूजा को लेकर जिले के अन्य घाटों पर आवश्यक तैयारी शुरू हो गई है। समाज के लोग घाटों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में जुटे हुए हैं, ताकि पूजा के दौरान व्रतियों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लोक आस्था के इस पर्व को उत्तर भारतीयों के साथ स्थानीय लोग भी श्रद्धाभाव से मनाने लगे है। धार्मिक मान्यता के अनुसार छठी मइया सूर्यदेव की बहन हैं। उनकी उपासना करने से परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। छठ पर्व में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठी मइया की पूजा की जाती है। इस दौरान महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना करते हुए कठिन निर्जला व्रत रखती हैं।



शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार कोई भी बच्चा शिक्षा से न रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर 11 नवंबर को ग्राम पंचायत नंदेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व, बच्चों के मौलिक अधिकारों तथा शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई।

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं समान शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने का संदेश देना है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समानता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा आर्थिक, सामाजिक अथवा अन्य किसी कारण से शिक्षा से वंचित न रहे। समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा का लाभ पहुंचाने के साथ बालिका शिक्षा को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बाल श्रम, बाल विवाह एवं अशिक्षा जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षित समाज ही जागरूक, सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिविर में नालसा शिक्षा योजना-2026, नालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता तथा विधिक सहायता के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। साथ ही लोगों को विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर, बच्चों को शिक्षा के अधिकार के प्रति किया जागरूक

तुलसी में 14 नवंबर से शुरू होगा श्री अखण्ड नवधा रामायण यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम तुलसी में इस वर्ष भी श्री अखण्ड नवधा रामायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। बस्तीपारा-तुलसी के तत्वावधान में आयोजित इस यज्ञ का शुभारंभ 14 नवंबर को कलश यात्रा के साथ होगा।



- दस दिवसीय आयोजन की तैयारियां जोरों पर

आयोजन समिति के अनुसार यज्ञ 14 नवंबर से प्रारंभ होकर 24 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन मानस गायन, रामकथा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। दूर-दराज से मानस मंडलियां इस आयोजन में शामिल होंगी। कार्यक्रम के अनुसार 14 नवंबर शनिवार को कलश यात्रा एवं शुभारंभ होगा। 18 नवंबर बुधवार को श्री सीताराम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 23 नवंबर सोमवार को श्री रामराज्याभिषेक महोत्सव होगा। इसी दिन रात्रि 8 बजे से मानस गायन फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर मंगलवार को हवन, सहस्त्र धारा, विसर्जन एवं ब्राह्मण भोज के साथ यज्ञ का समापन होगा। मानस गायन प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मंडली को 15026 रुपए एवं शिल्ड, द्वितीय को 13026 रुपए, तृतीय को 10026 रुपए सहित कुल दस पुरस्कार दिए जाएंगे। यज्ञ में व्यास आसन पर पं. चंद्रकांत पाण्डेय एवं पं. रमाकांत पाण्डेय विराजमान होंगे। यजमान की भूमिका जगदीश-सरिता निर्मलकर एवं प्रहलाद-बबीता कश्यप निभाएंगे। आयोजन समिति ने मानस प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने अपील की है।

भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का संदेश मानव समाज के कल्याण का करता है मार्ग प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक एवं वीर निर्वाण महोत्सव अकलतरा के जैन मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं शीतल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक समारोह में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर भगवान महावीर की आराधना की।

- श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक एवं वीर निर्वाण महोत्सव



पूजा अर्चना करते जैन समाज के लोग।

महोत्सव के अवसर पर मंदिर की ऊपरी एवं निचली वेदी में विराजमान भगवान महावीर की प्रतिमाओं का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधान से संपन्न हुई। ऊपरी वेदी में शांतिधारा का सौभाग्य विजय जैन, वरुण जैन एवं आयुष जैन तथा धनेंद्र जैन एवं अविनाश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं निचली वेदी में रवि जैन, सुषमा जैन, सारांश जैन, प्रियांशी जैन एवं आयुषी जैन परिवार, रमेश कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, निखिल जैन एवं निवि जैन परिवार तथा वीरेंद्र जैन, सत्येंद्र जैन, वैभव जैन एवं दर्शील जैन (चौधरी परिवार) ने शांतिधारा का पुण्यलाभ प्राप्त किया।भगवान महावीर के निर्वाण कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रफुल्ल जैन, प्रवीण जैन, प्रखर जैन एवं वर्षा जैन परिवार द्वारा भक्तिभाव से निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस दौरान चातुर्मास कलश का निष्ठापन भी संपन्न हुआ तथा मंगल कलश स्थापित करने वाले पुण्यशाली परिवारों को मंगल कलश प्रदान किए गए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र एवं उनके महान आध्यात्मिक सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धालुओं को अहिंसा, सत्य, संयम, त्याग एवं करुणा को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि भगवान महावीर का 'जियो और जीने दो' का संदेश संपूर्ण मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। सभी जीवों के प्रति दया, प्रेम एवं मैत्री का भाव रखना और आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलना ही उनकी शिक्षाओं का वास्तविक अनुसरण है। इस अवसर पर अकलतरा के जैन समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में भगवान महावीर की पूजा-अर्चना कर उनके अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह एवं संयम के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सबरिया डेरा में बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वेल विशर फाउंडेशन द्वारा सेवा और समर्पण की भावना के साथ खुशियां बांटकर दीपावली का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य ग्राम भैंसतरा स्थित सबरिया डेरा पहुंचे, जहां बच्चों को पटाखे, मिठाइयां, बिस्किट एवं अन्य उपहार सामग्री प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि किसी के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का भी अवसर है। इसी भावना के साथ संस्था आज बच्चों के बीच पहुंची है, ताकि उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा की जा सकें। संस्था के सचिव चिराग शर्मा ने बताया कि 'सेवा ही संकल्प, खुशियां बांटना ही उद्देश्य' के मूल मंत्र के साथ वेल विशर फाउंडेशन लगातार 10 वर्षों से दीपावली एवं होली जैसे प्रमुख त्योहार जरूरतमंदों और बच्चों के बीच खुशियां बांटकर मनाती आ रही है। संस्था का प्रयास है कि त्योहार की खुशियां समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। कार्यक्रम को दीपक साहू एवं श्रीपाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य, ग्राम भैंसतरा के सरपंच पुष्पेंद्र थवाईत, गांव के पंचगण उपस्थित थे।

- वेल विशर फाउंडेशन ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ मनाया पर्व



बच्चों को पटाखे, मिठाई एवं उपहार सामग्री प्रदान करते वेल विशर फाउडेंशन के पदाधिकारी।

कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा के बाड़ा पारा मोहल्ला में मंगलवार को भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण माहौल के बीच श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का शुभारंभ हुआ।

समारोह के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें कर्मा नृत्य की थाप,आतिशबाजी और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें,बच्चे,बुजुर्ग एवं श्रद्धालु शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को नवधा रामायण समारोह के शुभारंभ अवसर पर सुबह से ही बाड़ा पारा मोहल्ले में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के पश्चात नवधा रामायण पंडाल स्थल से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ आगे बढ़ रही थीं। वहीं कर्मा नृत्य दल की पारंपरिक प्रस्तुति ने यात्रा में चार चांद लगा दिए। कर्मा नृत्य की थाप पर ग्रामीण झूमते नजर आए। कलश यात्रा देवतहा तालाब एवं डोंगिया तालाब पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जल भराव किया। इसके पश्चात कलश यात्रा पुनः नवधा रामायण पंडाल स्थल पहुंची। इसके बाद श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा एवं रामायण पाठ के प्रारंभ होते ही पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के भजनों और चौपाइयों का श्रवण कर भाव विभोर नजर आए।



गोवर्धन पूजा केवल परंपरा नहीं, गौवंश, प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के संरक्षण का महापर्व : ऋतेश्वर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, गौवंश, कृषि, पर्यावरण तथा भावी पीढ़ियों के संरक्षण का महान संदेश देने वाला पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज पर्वत को अपनी कनिष्ठिका पर धारण कर संपूर्ण ब्रजवासियों की रक्षा की थी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि प्रकृति के साथ सामंजस्य, सामूहिकता और परस्पर सहयोग ही जीवन की वास्तविक सुरक्षा का आधार हैं।

- अन्नकूट महोत्सव में सद्गुरु ने दिया सनातन संस्कृति और आत्मनिर्भर जीवन का संदेश

उक्त विचार सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने शिवरीनारायण स्थित श्री आनंदम धाम में आयोजित गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर व्यक्त किए। सद्गुरु ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिन धार्मिक पर्वों और सांस्कृतिक परंपराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित किया, आज उनके संरक्षण की जिम्मेदारी हमारी है। यदि हमने अपने बच्चों को सनातन संस्कृति के संस्कार नहीं दिए, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं से दूर होती चली जाएंगी। पर्वों का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि उनके पीछे छिपे जीवन मूल्यों को समझना और व्यवहार में उतारना है। गौसेवा का महत्व बताते हुए सद्गुरु ने कहा कि केवल औपचारिक रूप से गौमाता को फल खिलाना ही गौपूजन नहीं है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने गौपूजन के दौरान फलों के साथ प्लास्टिक और रबर जैसी हानिकारक वस्तुएं रखे जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ऐसी लापरवाही गौसेवा नहीं, बल्कि गौवंश के प्रति संवेदनहीनता है। वास्तविक गोवर्धन पूजा तभी सार्थक होगी, जब हम गौवंश, पर्वतों, नदियों, जलस्रोतों, वृक्षों और कृषि के संरक्षण का संकल्प लें। सद्गुरु ने कहा कि अहंकार व्यक्ति और समाज दोनों के पतन का कारण बनता है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं को छोटा समझकर दूसरों के प्रति सम्मान, विनम्रता और सेवाभाव रखना चाहिए। धार्मिक आयोजनों में अनुशासन, व्यवस्था और परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से अपनी संस्कृति, संस्कार और प्रकृति के संरक्षण के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया तथा कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होता है, जब उनका संदेश हमारे दैनिक जीवन और आचरण का हिस्सा बन जाए। इस अवसर पर विधि-विधान से गिरिराज भगवान का पूजन किया गया। इस अवसर पर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



अन्नकूट महोत्सव में शामिल ऋतेश्वर महाराज एवं समाज के लोग।

